PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Mon, 31 Jul 2017, Page 1
Width: 17.92 cms, Height: 17.92 cms, a4, Ref: 49.2017-07-31.13

मोदी का नारा, जातिवाद भ्रष्टाचार भारत छोड़ो

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात ' कार्यक्रम में 'न्यू इंडिया' के लिए आने वाले पांच साल को निर्णायक बताया। उन्होंने नारा दिया,'गरीबी, भ्रष्टाचार, आतंकवाद और जातिवाद भारत छोड़ो।'

मोदी ने कहा कि अगस्त के महीने में भारत में कई ऐतिहासिक आंदोलन हुए हैं। देश के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 1942 से 1947 के पांच साल निर्णायक रहे। उन्होंने कहा कि देश को 9 अगस्त को संकल्प दिवस के रूप में मनाना चाहिए और लोगों को देश के लिए योगदान करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने का भी संकल्प लेना होगा कि गरीब, गंदगी, भ्रष्टाचार, आतंकवाद, जातिवाद, भारत छोड़कर चले जाएं। मोदी ने कहा कि अगर लोग अपने संकल्प पूरे करें तो आने वाले पांच साल निर्णायक होंगे।

मन की बात

- प्रधानमंत्री ने कहा, 'न्यू इंडिया' के लिए पांच साल निर्णायक होगा
- 9 अगस्त को संकल्प दिवस के रूप में मनाने को कहा

› अर्थव्यवस्था बदली पेज 15